आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 15.09.2026 समय : 1905

<><><><><><><><>

- राजधानी श्री विजयपुरम स्थित लोक निवास में आयोजित भव्य समारोह में डॉ. दिनेश शर्मा ने अंडमान–निकोबार द्वीप समूह के 14वें उप–राज्यपाल के रूप में शपथ ली।
- समुद्र और तटों को प्लास्टिक कचरे से मुक्त बनाने के लिए स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर का पांचवे चरण के अंतर्गत देशभर के सौ से ज्यादा तटों पर स्वच्छता अभियान जारी।
- राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अंडमान–निकोबार के तीरंदाजों का होगा चयन– 26 सितंबर से आयोजित होगी ओपन स्टेट तीरंदाजी चैंपियनशिप।
- कैम्पबेल बे स्थित पेट्रोल पंप का समय बढ़ाने की मांग उठी, लक्ष्मी नगर ग्राम पंचायत के प्रधान ने अनिडको महाप्रबंधक को लिखा पत्र।

<><><><><><><>

डॉ. दिनेश शर्मा ने आज अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के 14वें उप–राज्यपाल के रूप में शपथ ले ली है। श्री विजयपुरम स्थित लोक निवास में आयोजित समारोह में कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रवींद्र विट्ठलराव घुगे ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई, जबकि मुख्य सचिव ज्ञानेश भारती ने राष्ट्रपति का नियुक्ति पत्र पढ़कर सुनाया। इस अवसर पर कई वरिष्ठ अधिकारी, राजनीतिक प्रतिनिधि और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद रहे दिनेश शर्मा, पूर्व उप–राज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी के स्थान पर उप राज्यपाल बने हैं।

ए एन टी सी सी के अध्यक्ष टीएसजी भास्कर ने लोक निवास में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के दौरान नवनियुक्त उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा से मुलाकात कर उन्हें द्वीप समूह में सेवा देने का दायित्व संभालने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में कल परम पूज्य श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र की एक सौ उनतालीसवीं जयंती श्रद्धा और आध्यात्मिक उत्साह के साथ मनाई जाएगी। यह आयोजन लंबा लाइन स्थित सत्संग विहार में किया जाएगा। इस अवसर पर उषा कीर्तन, प्रातः एवं संध्या प्रार्थना, भोग वितरण और आनंद बाजार सहित विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अंडमान और निकोबार

द्वीपसमूह के सांसद विष्णु पदा रे ने श्रद्धालुओं, शुभचिंतकों और आम लोगों से जयंती समारोह में शामिल होकर आध्यात्मिक कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस पावन अवसर पर सभी लोग परम पूज्य श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र का आशीर्वाद प्राप्त करें।

<><><><><><><>

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय 19 सितंबर तक स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर अभियान का पांचवां चरण आयोजित कर रहा है, जिसमें मंत्रालय ने अपने सभी कार्यालयों को शामिल होने के लिए कहा है। इस अभियान का मुख्य मकसद समुद्र और तटों को प्लास्टिक तथा अन्य कचरे से मुक्त बनाना है, जिसके लिए विभिन्न सरकारी विभागों, शिक्षण संस्थानों, समाज सेवी संस्थाओं और आम नागरिकों को एक साथ लाया जा रहा है। भारत की लगभग बारह सौ किलोमीटर लंबी तटरेखा और समुद्र पर निर्भर लाखों लोगों की आजीविका को देखते हुए तटों को साफ रखना बेहद जरूरी है। इस अभियान के तहत देशभर में एक सौ ग्यारह से ज्यादा समुद्र तटों पर सफाई की जाएगी, जिसमें जागरूकता कार्यक्रम और युवा छात्रों के लिए ओशन ओलंपियाड जैसी गतिविधियां शामिल हैं। इसी कड़ी में 19 सितंबर को श्री विजयपुरम के रंगाचांग समुद्र तट पर भी विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा।

<><><><><><><>

सभी सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता को पूरी तरह से लागू करने के लिए 2 अक्टूबर से विशेष अभियान शुरू होगा। यह अभियान 31 अक्टूबर तक चलेगा। लोक शिकायत और पेंशन मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह कल नई दिल्ली में इस अभियान की प्रगति की निगरानी के लिए समर्पित ऑनलाइन वेब–पोर्टल लॉन्च करेंगे। इस सिलसिले में यह छठा विशेष अभियान है। इसमें नागरिक केंद्रित अभ्यासों, विशिष्ट गतिविधियों जैसी श्रेष्ठ परिपाटियों को एक साथ लाने पर ध्यान दिया जाएगा। अभियान में ई–वेस्ट के प्रभावी संग्रह, उसे अलग'अलग करने और निपटारे पर भी बल दिया जाएगा।

<><><><><><><>

आर्चरी एसोसिएशन ऑफ अंडमान एंड निकोबार आइलैंड्स द्वारा 26 और 27 सितंबर को श्री विजयपुरम में ओपन स्टेट तीरंदाजी चैंपियनशिप सह चयन ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है, इसमें इंडियन राउंड और रिकर्व स्पर्धाओं के तहत सभी वर्गों के खिलाड़ी हिस्सा ले सकेंगे। इस प्रतियोगिता के जरिए बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन आगामी राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ी 24 सितंबर तक ऑनलाइन गूगल फॉर्म के माध्यम से अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

ऑनलाइन लिंक और अधिक जानकारी के लिए खिलाड़ी मोबाइल नंबर 99332—43131 पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा एन एस एस के सहयोग से 19 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य लोगों को सही खान—पान और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है। इसी कड़ी में कॉलेज के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने वार्ड नंबर 5 स्थित आंगनवाड़ी केंद्र का दौरा किया, जहां बाल विकास परियोजना अधिकारी उषा देवी ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी केंद्र में पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई और विद्यार्थियों ने मोटापा तथा कुपोषण जैसे विषयों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए, वहीं विशेषज्ञों द्वारा एनीमिया पर विशेष व्याख्यान भी दिया गया। इस अभियान के तहत 17 सितंबर को मीठाखाड़ी ग्राम पंचायत में ग्राम सभा आयोजित की जाएगी, जबकि 19 सितंबर को प्रमाण—पत्र वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला परिषद के अध्यक्ष पी. उम्मर ने पंचायत प्रतिनिधियों और जिला परिषद के अधिकारियों के साथ कलिकट वार्ड नंबर 6 में सड़क सुधार और सुरक्षा दीवार के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने काम की प्रगति का जायजा लेते हुए इसे तय समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही अध्यक्ष ने खराब मौसम के बावजूद बेहतर ढंग से निर्माण कार्य को आगे बढ़ाने के लिए जिला परिषद की इंजीनियरिंग टीम की सराहना भी की।

<><><><><><><>

ग्रेट निकोबार के लक्ष्मी नगर ग्राम पंचायत के प्रधान ने ए एन आई आई डी सी ओ के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर कैम्पबेल बे स्थित पेट्रोल पंप के खुलने का समय बढ़ाने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि वर्तमान में यह पेट्रोल पंप सुबह 8 से शाम 5 बजे तक ही खुलता है, जो बढ़ती आबादी और दूर—दराज से आने वाले लोगों की ज़रूरतों के लिए पर्याप्त नहीं है। शाम 5 बजे पंप बंद हो जाने से काम से लौटने वाले लोगों, किसानों और दूर—दराज के इलाकों में रहने वाले निवासियों को ईंधन लेने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। आम जनता की सुविधा को देखते हुए पंचायत ने पेट्रोल

पंप के समय को शाम 5 बजे से बढ़ाकर रात 8 बजे तक करने का अनुरोध किया है, ताकि दूर–दराज के क्षेत्रों से आने वाले लोगों को राहत मिल सके।

<><><><><><><>

महाराष्ट्र मंडल द्वारा आयोजित इक्यावनवें सार्वजनिक गणेश उत्सव के तहत 25 सितंबर तक कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 24 सितंबर को आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा, जबकि 25 सितंबर को भगवान गणेश की प्रतिमा के विसर्जन के साथ इस उत्सव का समापन होगा।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के शतरंज खिलाड़ियों ने चेन्नई में आयोजित दूसरे प्ले–यू अंतर्राष्ट्रीय ओपन शतरंज टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर द्वीप समूह का नाम रोशन किया है। 10 से 14 सितंबर तक चले इस टूर्नामेंट में श्रीहान करमाकर ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए सोलह सौ एक से सत्रह हजार रेटिंग वर्ग में पांचवां स्थान हासिल किया और तीन हजार रुपये का नकद पुरस्कार जीता। वहीं आर. सिद्धार्थ ने चौदह हजार एक से पन्द्रह हजार रेटिंग वर्ग में दूसरा स्थान प्राप्त कर छह हजार रुपये का नकद पुरस्कार अपने नाम किया। अंडमान–निकोबार चेस एसोसिएशन ने दोनों खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है।

<><><><><><><>